विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 5656 सदन में उत्तर देने का दिनांक 28.03.2017

माननीय विधायक श्री कैलाश चावला

मनासा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत प्रश्नांश क एवं ख से संबंधित जानकारी

क्र.	पत्र क्रमांक एवं दिनांक	पत्र का संक्षिप्त विवरण	विभाग द्वारा की गई कार्यवाही
1	69 दिनांक 15.02.2016	मनासा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खानखेडी से कुंदवासा तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना अंतर्गत मार्ग पर डामर उखड चुका है तथा ग्राम खानखेडी व कुण्डला के बीच अनुसूचित जाति बस्ती के सामने पानी भरा रहता है, उक्त मार्ग को आवश्यकता के अनुरूप सी.सी. व नाली बनाऐं जाने हेतु लिखा गया है	मार्ग 10 वर्ष पश्चात् मैनटेंनेस के पैकेज क्रमांक एम.पी.27 पी.टी.004 के अन्तर्गत आता है, जिसमें रिन्यूवल कार्य दिनांक 25.01.2017 को कर दिया गया है । खानखेडी व कुण्डला के बीच अनुसूचित जाति बस्ती में जगह उपलब्ध नहीं होने के कारण सी.सी. व नाली निर्माण का कार्य नहीं किया गया है ।
2	73 दिनांक 15.02.2016	मनासा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत गॉधी सागर रोड से खिमला मार्ग के अन्तर्गत ग्राम भीमपुरा, धामनिया, गुगलखेडा में सडक बनाये जाने हेतु लिखा गया है।	पैकेज क्रमांक एम.पी. 27502 के अन्तर्गत गॉधी सागर मार्ग से खिमला ब्लाक का मार्ग स्वीकृत है। इस मार्ग से गॉधी सागर मार्ग से खिमला ब्लाक जो कि टार्गेट विलेज है को जोडा जा चुका है । ग्राम भीमपुरा एवं गुगलोड़ा इस मार्ग पर स्थित होने से स्वतः जुड गये है। ग्राम धामनिया में भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण उक्त ग्राम को नहीं जोडा गया है । पैकेज क्रमांक एम.पी. 27502 जो कि दिनांक 28 मार्च 2016 को पूर्ण कर दिया गया है ।
3	443 दिनांक 30.08.2016	ग्रामवासी श्री मुकेश डांगी का पत्र जिसमें भदवा से कुन्डला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की पुलिया की ऊंचाई बढ़ाये जाने की मांग की गई है परीक्षण हेतु महाप्रबंधक कार्यालय को भेजा गया है।	ग्राम भादवा से खानखेड़ी मार्ग में ग्राम कुण्डला जो कि 10 वर्ष पश्चात् मेनटेनेंस पैकेज अंतर्गत आता है। उक्त मार्ग में वेन्टेड कॉज वे का पूर्व से निर्माण है, पानी का बहाव क्षणिक रहता है। उक्त मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना चरण–2 में प्रस्तावित किया गया है, पुलिया को आवश्यकता के अनुरूप बनाया जायगा।
4	465 दिनांक 07.09.2016	ग्राम कंजार्डा से दंतलाई मार्ग के क्षतिग्रस्त होने के संबंध में लिखा गया है।	ग्राम कंजार्डा से दंतलाई पैकेज क्रमांक एम.पी. 2720 का मार्ग है। जो कि 5 वर्ष की गारंटी अवधि में है। रख–रखाव कार्य संतोषपद्र न होने के कारण कार्यालयीन पत्र क्रमांक 886 दिनांक 28.02.2017 के द्वारा नोटिस जारी किया गया है

क्र.	पत्र क्रमांक एवं दिनांक	पत्र का संक्षिप्त विवरण	विभाग द्वारा की गई कार्यवाही
5	490 दिनांक 17.09.2016	प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के चरण 02 में विभाग द्वारा ऑत्री माता से देवरी खवासा मार्ग को लिया जा रहा है इस मार्ग में खजुरी से ऑत्री जाते हुए खजुरी ग्राम के पास नाले पर छोटी पुलिया का निर्माण पूर्व में किया गया है, जिसे पुर्ननिर्मित करते हुए ग्राम के क्षेत्र में सी.सी. का निर्माण व नाली निर्माण किये जाने हेतु प्रस्ताव दिया गया है।	प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण–2 में उक्त मार्ग को चिन्हित कर स्वीकृति हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
6	52 दिनांक 30.01.2017	सोनडी मार्ग में जोडमी–नाली चौराहे पर गिटटी उखड गई है, यह मार्ग ग्यारण्टी पिरीयड में है।	सोनडी से जोडमी मार्ग का निरीक्षण श्री संदीप श्रीवास्तव उपयंत्री द्वारा दिनांक 05.02.2017 को किया गया है। उक्त मार्ग एडीबी पैकेज क्रमांक एमपी 27502 के अंतर्गत ठेकेदार की ग्यारंटी अवधि में है। ठेकेदार को रख–रखाव कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है, शीघ्र ही संधारण करा लिया जावेगा।
7	88 दिनांक 06.02.2017	मनासा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुर्गपुरा से बडकुआ मार्ग की स्थिति अत्यन्त खराब है एवं आमजन को आवागमन में अत्यन्त परेशानी का सामना करना पडता है, मार्ग के नवीनीकरण हेतु लिखा गया।	पिपलिया–मनासा रोड़ से दुर्गपुरा होते हुए ग्राम बनी तक का मार्ग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मेनटेनेंस पैकेज क्रमांक एमपी. 27 एमटीएन 013 का मार्ग है। उक्त मार्ग में बीटी रिन्यूवल का कार्य वर्ष 2014 में किया गया है, मार्ग की स्थिति अच्छी है।